आज़ादी का अमृत महोत्सव

संस्कृति विभाग
उत्तर प्रदेश
की

4.5 वर्ष की उपलब्धियाँ

संस्कृति विभाग
उत्तर प्रदेश

प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, संवर्द्धन एवं प्रदर्शन हेतु संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश की स्थापना 1957 में की गयी थी। इस विभाग के अन्तर्गत तीन निदेशालय– संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 पुरातत्व निदेशालय तथा उ0प्र0 संग्रहालय निदेशालय कार्याधीन है।

- संस्कृति निदेशालय उ0प्र0 द्वारा अपनी अधीनस्थ इकाईयों के माध्यम से प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, संवर्द्धन का कार्य।
- कला के विविध रूपों सम्बन्धी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन–प्रायोजन।
- 60 वर्ष के वृद्ध एवं विपन्न कलाकारों को मासिक पेंशन।
- देश की महान विभूतियों की स्मृति को जनमानस में बनाये रखने एवं उन्हें प्रेरित करने के उद्देश्य से मूर्तियों का निर्माण।
- सामान्य जन की सांस्कृतिक अभिरूचि में अभिवृद्धि करने के उद्देश्य से प्रदेश के विभिन्न जनपदों में प्रेक्षागृह/सांस्कृतिक संकुल का निर्माण।
- गज़ल, दादरा व ठुमरी क्षेत्र में प्रसिद्ध चयनित महानुभावों को 'बेगम अख्तर' पुरस्कार प्रदान किया जाना।
- पुरातत्व विभाग द्वारा पुरातात्विक महत्व के स्थलों/स्मारकों का संरक्षण, उत्खनन।
- उ0प्र0 संग्रहालय निदेशालय द्वारा ऐतिहासिक महत्व की धरोहर की सुरक्षा, संरक्षण एवं प्रदर्शन।
- उ0प्र0 राज्य अभिलेखागार एवं उनकी इकाईयों द्वारा अभिलेखों का संरक्षण।
- भातखण्डे संगीत संस्थान, कथक केन्द्र, भारतेन्दु नाट्य अकादमी एवं राष्ट्रीय कथक संस्थान द्वारा क्रमशः शास्त्रीय, उपशास्त्रीय, लोक संगीत एवं नाट्य विधाओं की उच्च स्तरीय शिक्षा।
- उ0प्र0 संगीत नाटक अकादमी द्वारा संगीत, नृत्य एवं लोक संगीत की विधाओं का प्रचार–प्रसार एवं संवर्धन।
- उ0प्र0 राज्य ललित कला अकादमी द्वारा ललित कलाओं (चित्रकला, मूर्तिकला एवं ग्राफिक कला) का प्रोत्साहन एवं विकास।
- अयोध्या शोध संस्थान द्वारा अवध एवं विशेष रूप से अयोध्या तथा जैन संस्कृति, साहित्य आदि का संरक्षण, प्रोत्साहन एवं विकास।
- राष्ट्रीय कथक संस्थान द्वारा कथक की समृद्धिशाली परम्पराओं का संरक्षण एवं संवर्द्धन।
- उ0प्र0 जैन विद्या शोध संस्थान द्वारा जैन कला एवं संस्कृति सम्बन्धी शोध संरक्षण एवं संवर्द्धन।
- लोक एवं जनजाति कला एवं संस्कृति संस्थान द्वारा जनजाति एवं लोक संस्कृति का संरक्षण एवं संवर्द्धन।
- अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान द्वारा बौद्ध साहित्य, पाली भाषा आदि पर अध्ययन, शोध, सर्वेक्षण आदि कार्य।
- संत कबीर अकादमी, मगहर, संत कबीर नगर द्वारा संत कबीर दास जी के जीवन एवं दर्शन पर आधारित अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के शोध, सर्वेक्षण, प्रकाशन आदि कार्य।

भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी की मूर्ति का
अनावरण समारोह

संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश

1. संस्कृति निदेशालय उ0प्र0

- उ0प्र0 राजकीय अभिलेखागार लखनऊ
  - क्षेत्रीय अभिलेखागार, प्रयागराज, वाराणसी एवं आगरा।
  - राजकीय पाण्डुलिपि पुस्तकालय प्रयागराज।
- क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र
- स्वायत्तशासी संस्थायें
  - भातखण्डे संगीत संस्थान सम–विश्वविद्यालय
  - उ0प्र0 संगीत नाटक अकादमी
  - उ0प्र0 राज्य ललित कला अकादमी
  - भारतेन्दु नाट्य अकादमी
  - अयोध्या शोध संस्थान
  - राष्ट्रीय कथक संस्थान
  - जैन विद्या शोध संस्थान
  - जनजाति एवं लोक कला संस्कृति संस्थान
  - संत कबीर अकादमी, मगहर, संत कबीर नगर
  - अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान
- वित्त पोषित संस्थायें
  - वृन्दावन शोध संस्थान, वृन्दावन
  - अखिल भारतीय संस्कृत परिषद, लखनऊ
  - कैफी आज़मी अकादमी लखनऊ

2. उ0प्र0 राज्य पुरातत्व निदेशालय

- क्षेत्रीय पुरातत्व, इकाई, आगरा, झांसी वाराणसी, प्रयागराज एवं गोरखपुर

3. उ0प्र0 संग्रहालय निदेशालय

- राज्य संग्रहालय, लखनऊ
- राजकीय संग्रहालय, झांसी, मथुरा एवं कन्नौज
- राजकीय बौद्ध संग्रहालय, गोरखपुर, कुशीनगर, सिद्धार्थनगर
- अंतर्राष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय, अयोध्या
- लोक कला संग्रहालय, लखनऊ
- जनपदीय संग्रहालय, सुल्तानपुर
- राजकीय स्वतंत्रता संग्राम संग्रहालय, मेरठ
- राजकीय जैन संग्रहालय, मथुरा
- डॉ0 भीमराव आंबेडकर संग्रहालय एवं पुस्तकालय, रामपुर
- कालका बिन्दादीन ड्योढ़ी एवं कथक संग्रहालय, लखनऊ
- स्व0 लाल बहादुर शास्त्री स्मृति संग्रहालय, वाराणसी
- बाल संग्रहालय, कन्नौज
- थारु जनजाति संग्रहालय, इमिलिया कोडर, बलरामपुर

संस्कृति विभाग, उ.प्र.

4.5 वर्षों का आयोजन

चौरी-चौरा शताब्दी महोत्सव का शुभारम्भ, गोरखपुर

संस्कृति विभाग प्रदेश सरकार का अत्यन्त महत्वपूर्ण विभाग है। आज़ादी के बाद संस्कृति विभाग को सबसे ज्यादा महत्व वर्तमान सरकार में प्राप्त हुआ तथा विकास एवं कल्याणकारी दोनों ही एजेण्डे में विगत साढ़े चार वर्षों में अनेक उपलब्धियां रहीं है। वर्तमान सरकार संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्द्धन के क्षेत्र में कार्य करने हेतु सतत् प्रयत्नशील है तथा इस दिशा में संस्कृति विभाग द्वारा अनेक कार्य किये गये जिनका संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत है:

उत्तर प्रदेश दिवस, लखनऊ

मानानीय मुख्यमंत्री जी द्वारा उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर दीप प्रज्जवलन

पुरातन काल से उत्तर प्रदेश मध्य देश के नाम से प्रसिद्ध था। उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा राज्य है। प्रदेश का इतिहास लगभग 4000 वर्ष पुराना है। संसार के प्राचीनतम् नगरों में एक माने जाने वाला वाराणसी नगर यही पर स्थित है। उत्तर प्रदेश हिन्दू धर्म का प्रमुख स्थल रहा है। भगवान श्री राम एवं एवं कृष्ण का जन्म इसी पावन भूमि पर हुआ है। उत्तर प्रदेश सहित्य, शिक्षा, विज्ञान, प्रद्यौगिकी, नवाचार, प्रशासन, कृषि, खेल आदि क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाला समृद्धशाली प्रदेश रहा है। उत्तर प्रदेश का गठन किये जाने के सम्बन्ध में दिनांक 24 जनवरी, 1950 में तत्कालीन मा0 मुख्यमंत्री पं0 गोविन्द बल्लभ पंत के कार्यकाल में प्रदेश का नाम उत्तर प्रदेश किया गया। वर्ष 2017 में वर्तमान सरकार के गठन के उपरान्त पहली बार प्रदेश का स्थापना दिवस मनाये जाने का निर्णय लिया गया। तब से अभी तक वर्तमान सरकार द्वारा दिनांक 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश गठन दिवस के रूप में निरंतर मानाया जा रहा है। इस अवसर पर संस्कृति विभाग द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है।

- वित्तीय वर्ष 2017–18, 2018–19, 2019–20 एवं 2020–21 में संस्कृति विभाग द्वारा इस अवसर पर प्रदेश के 18 मण्डलों में राज्य स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित करायीं जाती है। इन प्रतियोगिताओं में उत्तर प्रदेश के विविध लोक विधाओं यथा–थारू जनजाति लोकनृत्य, धोबिया लोकनृत्य, बिरहा लोकगायन, भोजपुरी लोकगायन, कर्मा, ढिढिया, दीवारी, पाई डण्डा लोकनृत्य, आल्हा गायन, रागिनी, स्वांग, रासलीला, फाग गायन, जिकड़ी भजन, कव्वाली, फरूवाही नृत्य, रामलीला आदि को सम्मिलित किया जाता है। इन प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में मंच प्रदान किया जाता है। युवा नवोदित कलाकारों को प्रदेश की राजधानी में इस अवसर पर मंच प्रदान कर उनकी प्रतिभा को निखारने का एक नया अवसर प्रदान किया जाता है।

मण्डलीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में विजयी दल की यू.पी. दिवस में प्रस्तुति

मीरजापुर मण्डल में मण्डलीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता

यू.पी. दिवस के अवसर पर कुटीर उद्योग के उद्यमियों का सम्मान एवं चाक का वितरण

- साहित्य, शिक्षा, उद्योग, विज्ञान एवं प्राद्योगिकी, नवाचार, प्रशासन, संस्कृति, खेल एवं कृषि आदि क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित करने वाले प्रदेश की महान विभूतियों एवं प्रान्तों में रहने वाले उत्तर प्रदेश के वासियों को इस अवसर पर मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा सम्मानित किया जाता है।

युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य स्तरीय विवेकानंद यूथ अवार्ड का वितरण

उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर संस्कृति विभाग द्वारा प्रदर्शनियों का आयोजन

यू.पी. दिवस के अवसर पर माननीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जी द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन

पं0 दीन दयाल उपाध्याय जन्मशती महोत्सव – 2017

वर्ष 2017 में पं0 दीन दयाल उपाध्याय के जन्म दिवस पर शताब्दी समारोह का आयोजन किया गया। पं0 दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी समारोह के अन्तर्गत लखनऊ में चित्रकार शिविर का आयोजन, मथुरा में बरखा बहार का आयोजन, अयोध्या में सावन झूला उत्सव, मुग़लसराय में चन्द्रगुप्त नाट्य प्रस्तुति, वाराणसी में शकराचार्य नाट्य प्रस्तुति तथा मथुरा में फरह महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत विभाग द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रदर्शनियों तथा कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।

पं. दीनदयाल जन्म शताब्दी समारोह, चन्दौली, वाराणसी

पं0 दीन दयाल उपाध्याय जन्मशती महोत्सव – 2017

पं. दीनदयाल जन्म शताब्दी के अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा दर्शकों का अभिवादन

पं. दीनदयाल जन्म शताब्दी के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

पं0 दीन दयाल उपाध्याय
जन्मशती महोत्सव – 2017

पं. दीनदयाल जन्म शताब्दी के अवसर पर कन्या पूजन

पं. दीनदयाल जन्म शताब्दी के अवसर पर सांस्कृतिक शोभा यात्रा

देव दीपावली, वाराणसी

देव दीपावली का आयोजन काशी में पर्यटन विभाग एवं स्थानीय प्रशासन के सहयोग से मनाया जाता है। उपर्युक्त आयोजन को देखने के लिए देश–विदेश से लाखों की संख्या में पर्यटक वाराणसी में आते है। उक्त कार्यक्रम में संस्कृति विभाग द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम कराये जाते है।

देव दीपावली, वाराणसी के अवसर पर दीप प्रज्जवलन

देव दीपावली, वाराणसी के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

दीपोत्सव, अयोध्या

भगवान राम के अयोध्या आगमन पर पूरी दुनिया में हजारों वर्षों से दीपावली मनायी जाती है जिसे पहली बार प्रदेश सरकार ने भव्य रूप में प्रस्तुत कर अयोध्या को विश्व पर्यटन मानचित्र में स्थापित किया। तीन वर्ष से लगातार हम अपने ही रिकार्ड को तोड़कर गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज कर रहे हैं। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति की पत्नी, फीजी की लोकसभा अध्यक्ष मुख्य अतिथि के रूप में भागीदारी करती हैं जिससे वैश्विक स्तर पर अयोध्या एक प्रमुख क्षेत्र के रूप में अपनी पहचान बनाता है।

दीपोत्सव, अयोध्या के अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी को स्मृति चिन्ह भेंट किया जाना

रामलीला के अन्र्राष्ट्रीय कलाकारों द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी का अभिवादन

दीपोत्सव, अयोध्या

प्रतिवर्ष दीपोत्सव के अवसर पर 5–5 देशों की रामलीलाओं के साथ पूरे देश और प्रदेश के लगभग दो हजार कलाकार सम्मिलित होते हैं।

- अयोध्या में बच्चों द्वारा रंगोली, राम–सीता स्वरूप सज्जा प्रतियोगिता, चित्र प्रतियोगिता आदि का आयोजन संस्कृति विभाग द्वारा किया जाता है।
- इस अवसर पर संस्कृति विभाग द्वारा प्रदेश की विविध कलाओं का प्रदर्शन करते हुए लगभग 1000 कलाकारों के माध्यम से सांस्कृतिक शोभा यात्रा एवं मंचीय प्रस्तुतियां करायी जाती है।
- संस्कृति विभाग के अयोध्या शोध संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष रंगोली निर्माण एवं राम की सांस्कृतिक विश्व यात्रा विषयक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाता है।

रामलीला की प्रस्तुतियों की झलक

दीपोत्सव, अयोध्या **2019** में **2700** छात्र-छात्राओं द्वारा चित्रकला शिविर का आयोजन

दीपोत्सव, अयोध्या

दीपोत्सव, अयोध्या में शोभा यात्रा का आयोजन

कृष्णोत्सव, मथुरा

भगवान कृष्ण की पावन जन्म भूमि मथुरा में उनके जन्म के अवसर पर मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा मथुरा, वृन्दावन के सांस्कृतिक महत्व को समझते हुए यहां पर भगवान श्री कृष्ण के जन्म अवसर पर कष्णोत्सव कार्यक्रम आयोजित किये जाने के निर्देश दिये। वर्ष 2019 में संस्कृति विभाग द्वारा कृष्णजन्मोत्सव के अवसर पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें देश एवं प्रदेश के लगभग 1300 कलाकारों द्वारा मंचीय एवं शोभा यात्रा तथा 16 लघु मंचों पर अपनी प्रस्तुति दी गयी।

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव–2019

कृष्ण लीलाओं पर आधारित चित्रांकन

राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश द्वारा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव–2019 के अवसर पर रामलीला मैदान, मथुरा में 150 मीटर के कैनवास पर प्रदेश के लगभग 100 युवा/वरिष्ठ कलाकारों के सहयोग से श्रीकृष्ण की लीलाओं के विविध रूपों को चित्रांकित कराया गया। उक्त आयोजन में अलीगढ़, लखनऊ, बाराबंकी, कानपुर, आगरा, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, अमरोहा, मेरठ, दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा के कलाकारों के साथ–साथ मथुरा के स्थानीय कलाकारों द्वारा रंगों के माध्यम से श्रीकृष्ण के प्रति अपने भावों को अभिव्यक्त किया गया।

रंगोत्सव, मथुरा



मथुरा होली की परम्परा के लिए विश्व प्रसिद्ध है। अनेक प्रकार की होली मथुरा में खेली जाती है जिसे वैश्विक स्तर पर कुछ लोग ही जान पाते थे। मा0 योगी आदित्यनाथ जी द्वारा इस त्योहार को नवीन रूप देते हुए मथुरा के वृन्दावन एवं बरसाना की होली को एक नया आयाम प्रदान किया गया। रंगोत्सव के माध्यम से बरसाना में होली की हजारों वर्षों की परम्परा को विश्व पर्यटन मानचित्र में स्थापित करने का कार्य किया गया है। इस अवसर पर विभाग द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं शोभा यात्रा का आयोजन किया जाता है।

कुम्भ–2019, प्रयागराज

किसी उत्सव और महोत्सव में देश और विदेश के कलाकार सम्मिलित होते हैं तब वह वापस लौटने पर प्रदेश की कला और संस्कृति के बारे में भी मधुर स्मृतियां लेकर वापस लौटते हैं। ऐसा ही एक महा उत्सव वर्ष 2019 में कुम्भ मेला–2019 के रूप में हुआ। लगभग दस हजार कलाकारों के साथ संस्कृति विभाग ने 07 मंचों/प्रदर्शनी स्थलों के साथ 40 दिन तक निरन्तर विरासत की प्रस्तुतियां कीं जिसमें 11 देशों के रामलीला कलाकार भी सम्मिलित हुए। विदेश के रामलीला कलाकार कोई व्यवसायिक कलाकार नहीं थे इनमें इन्जीनियर, डाक्टर तथा अन्य क्षेत्रों के विशेषज्ञ भी थे। ये कलाकार भव्य, दिव्य, सुरक्षित एवं स्वच्छ कुम्भ को देखकर आविर्भूत हुए तथा अपनी सुखद स्मृतियों को निरन्तर अपने देश वासियों को भी अवगत कराते रहेंगे। कुम्भ मेला–2019 में सांस्कृतिक आयोजनों की तारीफ सभी ने की है। अनेक पुरस्कार और अध्ययन कुम्भ मेला–2019 पर हो रहे हैं परन्तु एक महत्पूर्ण बात मैं आप सबसे साझा करना चाहता हूँ कि मेले में ईसाई, मुस्लिम एवं बौद्ध धर्म को मानने वाले देश से भी कलाकार आये परन्तु सभी ने संगम में दिव्य स्नान किया जिसकी फोटो उन्होंने संचार के सभी माध्यमों से साझा की।

- 11 देशों क्रमशः श्री लंका, बांग्लादेश, सूरीनाम, फिजी, थाईलैण्ड, त्रिनिडाड एवं टोबैगो, नेपाल, मॉरीशस, रूस, इंडोनेशिया, मलेशिया के सांस्कृतिक दलों द्वारा रामलीला विषयक सांस्कृतिक प्रस्तुतियॉ दी गयी।
- 05 सांस्कृतिक मंचों – गंगा, यमुना, सरस्वती, भारद्वाज व अक्षयवट से 7000 कलाकारों द्वारा विविध प्रकृति की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन।
- प्रयागराज के विभिन्न 20 स्थलों पर 40 दिवसीय सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन।

कुम्भ–2019, प्रयागराज में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ

कला कुम्भ – 2019

- 'कलाकुम्भ' में बहुमूल्य/ दुर्लभ अभिलेखों/ पाण्डुलिपियों/पुरातात्विक महत्व के स्मारकों/ संग्रहालय की कलाकृतियों की प्रदर्शनी।
- पेन्टिंग की विधाओं पर अखिल भारतीय कला प्रदर्शनी, छायाचित्र प्रदर्शनी, राष्ट्रीय कलाकार शिविर।

गांधी जयन्ती, लखनऊ

गांधी जी की 150वीं जयन्ती का आयोजन भारत सरकार के निर्देश पर संस्कृति विभाग, उ0प्र0 द्वारा प्रदेश के सभी विभागों के समन्वय से किया गया। भारत सरकार की भांति ही प्रदेश सरकार द्वारा माननीय राज्यपाल महोदय जी की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय आयोजन समिति तथा माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय कार्यकारी समिति का गठन कर सभी क्षेत्रों से आपसी विचार–विमर्श कर आयोजन किये गये। गांधी जी को समर्पित तथा गांधी दर्शन पर आधारित वाद–विवाद, निबन्ध लेखन तथा अन्य सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं प्रत्येक जिले के प्रत्येक माध्यमिक स्कूलों में करायी गयीं। विधान सभा का विशेष सत्र भी आयोजित किया गया। 151 बच्चों द्वारा दांडी मार्च का प्रतीक आयोजन किया गया जो अत्यन्त लोकप्रिय रहा। गांधी जी के दर्शन से सम्बंधित स्वच्छता, स्वदेशी, स्वावलंबन, ग्राम स्वराज पर आधारित स्थायी योजना सम्बंधित विभागों द्वारा बनायी गयी हैं जिसे भारत सरकार को भी भेजा गया है।

महात्मा गाँधी जी की 150वीं जयन्ती के स्मरणोत्सव के अन्तर्गत दिव्यांग छात्र, छात्राओं की चित्रकला प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी

आयोजक : राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश, संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश के सहयोग से

महात्मा गाँधी जी की 150वीं जयन्ती के उपलक्ष्य पर प्रदेश सरकार की प्रेरणा एवं संस्कृति विभाग, उ0प्र0 शासन के सहयोग से राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश द्वारा अवध शिल्पग्राम, लखनऊ में 02 व 03 अक्टूबर, 2018 को स्मरणोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अकादमी द्वारा चित्र प्रदर्शनी (दिव्यांग छात्रों, कलाकारों द्वारा सृजित), हस्तशिल्प चित्र प्रदर्शनी (गेंहू डंठल के भूसे से सृजित चित्र) एवं दिव्यांग छात्र/कलाकारों द्वारा महात्मा गाँधी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी व प्रतियोगिता का उद्घाटन मा0 मुख्यमंत्री तथा मा0 राज्यपाल, उत्तर प्रदेश के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ।

भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी जयन्ती समारोह, लखनऊ

भारत गणराज्य के प्रधानमंत्री रहे श्री अटल बिहारी बाजपेयी हिन्दी के ओजस्वी कवि, पत्रकार, प्रखर वक्ता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के पुरोधा थे। उत्तर प्रदेश उनकी पैतृक जन्मभूमि और दीर्घ काल तक कर्म भूमि रही। आगरा जनपद के प्राचीन स्थान बटेश्वर के मूल निवासी श्री बाजपेयी का जन्म दिनांक 25 दिसम्बर, 1924 को शिन्दे की छावनी, मध्य प्रदेश में हुआ था। जहां उनके पिता अध्यापक थे। वह 04 दशको तक भारतीय संसद के सदस्य रहे। उत्तर प्रदेश के बलरामपुर तथा लखनऊ से उनका साहित्यिक, सांस्कृतिक, व राजनीतिक नाता रहा। ऐसे महापुरूष की जयन्ती के अवसर पर संस्कृति विभाग द्वारा विगत 03 वर्षों से प्रदेश स्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है। कार्यक्रमों के अन्तर्गत संस्कृति विभाग की समस्त संस्थाओं द्वारा प्रतिभाग किया जाता है। जिसमें अटल जी की कविताओं पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम, चित्रकला शिविर, राष्ट्रीय कवि सम्मेलन एवं अभिलेख प्रदर्शनियों का आयोजन किया जाता है ।

अटल जयन्ती
2018

1– प्रयास बहुउद्देशीय सामाजिक संस्था, नागपुर द्वारा राष्ट्र पुरूष अटल महानाटक की प्रस्तुति।

2– कवि सम्मेलन (डा0 कुमार विश्वास, डा0 हरिओम पवार, डा0 कुँवर बेचैन, सुश्री कविता तिवारी, डा0 अब्दुल गफ्फार)

3– अटल जी द्वारा रचित ''मेरी 51 कविताओं'' की संगीतमय प्रस्तुति।

4– अटल जी के जीवन पर आधारित पोट्रेट कार्यशाला।

5– अटल जी के जीवन से सम्बन्धित चित्र प्रदर्शनी।

भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी जयन्ती समारोह–2019

1– परिचर्चा–राष्ट्रधर्म, राष्ट्रवाद एवं श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी (अध्यक्षता–श्री हृदय नारायण दीक्षित, मा0 अध्यक्ष, विधान सभा मुख्य वक्ता–प्रो0 राकेश सिन्हा, मा0 सांसद, राज्य सभा)

2– अटल मर्म–कथक नृत्य नाटिका।

3– मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की लोक भवन, लखनऊ में स्थापित प्रतिमा का अनावरण।

4– कवि सम्मेलन– श्री शैलेश लोढ़ा, मुम्बई, श्री सुरेन्द्र दुबे, रायपुर, श्री विनीत चौहान, अलवर, श्री सर्वेश अस्थाना, लखनऊ

भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी जयन्ती समारोह-2020

- स्मृति शेष – अटल जी के जीवन पर आधारित चित्रकला एवं म्यूरल कार्यशाला का आयोजन ।
- पुस्तक प्रदर्शनी– स्थानीय प्रकाशकों एवं विक्रेताओं के सहयोग से अटल जी की पुस्तकों पर आधारित प्रदर्शनी ।
- हार नहीं मानूँगा– छात्र–छात्राओं द्वारा अटल जी की कविताओं का गान
- जैन विद्या शोध संस्थान द्वारा 'राष्ट्रवाद एवं राष्ट्रधर्म' विषयक वेबिनार का आयोजन
- समर्पण– संगीत नाटक अकादमी, कथक केन्द्र के बच्चों द्वारा अटल जी के गीतों पर आधारित कथक नाट्य प्रस्तुति ।
- 'मेरी यात्रा– अटल यात्रा' नाट्य प्रस्तुति भारतेन्दु नाट्य अकादमी द्वारा ।



बाल्मीकि जयन्ती



लालापुर चित्रकूट में बाल्मीकि जयन्ती का आयोजन

बाल्मीकि जयन्ती

दिनांक 31 अक्टूबर, 2020

आदि कवि महर्षि बाल्मीकि जी की जयन्ती के अवसर पर दिनांक 31 अक्टूबर, 2021 को प्रदेश के समस्त जनपदों में भव्य रूप से आयोजन किये गये। इस अवसर पर बाल्मीकि रामायण में निहित मानव मूल्यों, सामाजिक मूल्यों व राष्ट्र मूल्यों में व्यापक प्रचार–प्रसार, जनमानस को इससे जोड़ने के लिए महर्षि बाल्मीकि से सम्बन्धित स्थलों/मंदिरों पर दीप प्रज्जवलन/दीपदान के साथ अनवरत 8, 12 तथा 24 घंटे का बाल्मीकि रामायण पाठ के कार्यक्रम सम्पूर्ण प्रदेश में आयोजित किये गये। उपरोक्त कार्यक्रमों का शुभारम्भ चित्रकूट के लालापुर धाम स्थित बाल्मीकि धाम से मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा किया गया था। इस आयोजन में प्रदेश के 75 जनपदों के जिलाधिकारियों द्वारा विविध आयोजन कराये गये।

लखनऊ के मन्दिरों में वाल्मीकि रामायण का पाठ

मिशन शक्ति

महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विशेष अभियान के अन्तर्गत विभाग द्वारा सम्पूर्ण प्रदेश में 13 शक्ति पीठों यथा–माँ पाटेश्वरी मंदिर, देवी पाटन तुलसीपुर, बलरामपुर, माँ काली माता मंदिर, झांसी, माँ कात्यायनी शक्ति पीठ मंदिर, वृन्दावन, मथुरा, अलोपी देवी, शक्ति पीठ मंदिर प्रयागराज, माँ विन्ध्यवासनी शक्तिपीठ मंदिर, विन्ध्याचल मिर्जापुर, ललिता देवी मंदिर नेमिषारण्य धाम, सीतापुर, गोरखनाथ मंदिर, गोरखपुर, शीतला चौकिया धाम, जौनपुर, देवबन्द माँ त्रिपुर बाला सुन्दरी शक्तिपीठ, सहारनपुर, कड़ा धाम, फतेहपुर, दुर्गा मंदिर, दुर्गा कुण्ड, वाराणसी, खत्री पहाड़ विन्ध्यवासनी मंदिर, बांदा, बड़ी देवकाली मंदिर, अयोध्या में 165 महिला कलाकारों सहित कुल 210 लोक कलाकारों द्वारा देवी गीतों पर आधारित देवी गायन एवं लोकनृत्य की प्रस्तुतियां की गयी।

दुर्गा मन्दिर दुर्गाकुण्ड, वाराणसी देवीगीत

गोरखनाथ मन्दिर, गोरखपुर

मिशन शक्ति

- प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु वर्तमान में गतिमान योजनाओं का नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनजागरूकता अभियान चलाया गया।
- नवरात्रि के अवसर पर ऑनलाइन कन्या पूजन की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 125 कन्याओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।
- महिलाओं की सुरक्षा, स्वावलम्बन एवं सशक्तिकरण विषयक कानूनों से सम्बंधित सरंक्षित अभिलेखों पर आधारित प्रदर्शनियों का आयोजन किया गया।

अन्तर्राष्ट्रीय बुद्धिस्ट कॉन्क्लेव लखनऊ

दिनांक 20 से 22 मार्च, 2021 को अन्तर्राष्ट्रीय बुद्धिस्ट कॉन्क्लेव का आयोजन लखनऊ में किया गया। उपरोक्त अवसर पर पर एक पत्रिका का प्रकाशन कराया गया। साथ ही पालि भाषा से सम्बन्धित विभिन्न पुस्तिकाओं का प्रकाशन भी कराया गया।



अन्तर्राष्ट्रीय बुद्धिस्ट कॉन्क्लेव
लखनऊ

दिनांक 20 से 22 मार्च, 2021 को अन्तर्राष्ट्रीय बुद्धिस्ट कॉन्क्लेव का आयोजन लखनऊ में किया गया। उपरोक्त अवसर पर एक पत्रिका का प्रकाशन कराया गया। साथ ही पालि भाषा से सम्बन्धित विभिन्न पुस्तिकाओं का प्रकाशन भी कराया गया।

शान्ति और सदभाव पर भगवान बुद्ध का वैश्विक संदेश पर आयोजित कॉन्क्लेव के आठ सत्रों की निम्न महानुभाओं द्वारा अध्यक्षता की गई–

1. प्रो0 रामनंदन सिंह, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ
2. भदंत विनय रक्षित महाथेरो, नागपुर, महाराष्ट्र
3. प्रो0 राम नक्षत्र प्रसाद, एन0एन0एम0, नालन्दा, बिहार
4. आदरणीय पा मोक्का, बैगलौर, कर्नाटक
5. प्रो0 प्रद्युम्न शाह सिंह, के0वी0पी0, वाराणसी, उ0प्र0
6. प्रो0 विजय कुमार जैन, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ
7. डॉ0 पूजा व्यास, आई0सी0पी0आर0, लखनऊ, उ0प्र0

अवध महोत्सव, लखनऊ

लखनऊ में मार्च, 2021 में प्रथम बार आयोजित होने वाले वाजिद अली शाह अवध महोत्सव में अवध की संस्कृति के विविध रंगो को बखूबी प्रदर्शित किया गया । उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के परिसर में आयोजित होने वाले इस तीन दिवसीय उत्सव में देश एवं प्रदेश के विभिन्न कलाकारों द्वारा अवध की संस्कृति को बखूबी मंच पर प्रस्तुत किया गया है।

अवध महोत्सव के अन्तर्गत संस्कृति, व्यंजन एवं शिल्प

आजादी अमृत महोत्सव
एवं
चौरी–चौरा शताब्दी समारोह

वर्तमान में चौरी चौरा के 100 वर्ष पूर्ण होने पर संस्कृति विभाग द्वारा शताब्दी वर्ष महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसका शुभारम्भ दिनांक 04 फरवरी, 2021 को गोरखपुर के चौरी–चौरा स्मारक से मा0प्रधानमंत्री जी द्वारा वचुर्अल माध्यम से किया गया। उक्त आयोजन पूरे वर्षभर मनाये जा रहे है।

- भारत वर्ष की आजादी के 75वें वर्ष के अवसर पर भारत सरकार द्वारा आजादी अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। उक्त महोत्सव का शुभारम्भ मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा वचुर्अल माध्यम से दिनांक 12 मार्च, 2021 को गुजराज के साबरमती आश्रम से किया गया। जिसे प्रदेश के प्रमुख जनपदों यथा–लखनऊ, बलिया, मेरठ, झांसी से लिंक करते हुए विभिन्न आयोजन करते हुए जनसभागिता सुनिश्चित की गयी। इस महोत्सव के अन्तर्गत समस्त विभागों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से 15 अगस्त, 2023 तक मनाया जायेगा।



चौरी चौरा 100 महोत्सव

काकोरी ट्रेन एक्शन वर्षगांठ

आज़ादी का अमृत महोत्सव एवं चौरी–चौरा शताब्दी समारोह की श्रृंखला में काकोरी ट्रेन एक्शन वर्षगांठ के अवसर पर काकोरी, लखनऊ में वीर शहीदों को नमन् कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा तिरंगा यात्रा, अभिलेख एवं चित्र प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं शहीदों व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों का सम्मानित किया गया।

माननीय राज्यपाल एवं माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन

माननीय राज्यपाल एवं माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा चित्रकला शिविर का अवलोकन

आज़ादी का अमृत महोत्सव तिरंगा यात्रा

महाराजा सुहेलदेव जयन्ती

- महाराजा सुहेलदेव जी के शिलान्यास कार्यक्रम में ग्यारहवीं शताब्दी के प्रतापी शासक एवं पराक्रमी योद्धा महाराजा सुहेलदेव की जयन्ती के अवसर पर चित्तौरा बहराईच में महाराजा सुहेलदेव स्मारक एवं चित्तौरा झील की विकास योजना का शिलान्यास।
- उक्त स्मारक में महाराजा सुहेलदेव की अश्वारोही मुद्रा में 40 फीट की कास्य प्रतिमा की स्थापना की प्रक्रिया प्रचलन में है।



कुम्भ पूर्व वैष्णव बैठक–2021
वृन्दावन, मथुरा

जनपद मथुरा के वृन्दावन में आयोजित कुम्भ पूर्व वैष्णव बैठक–2021 में विभाग द्वारा लगभग 1000 कलाकारों के माध्यम से दिनांक 16 फरवरी, 2021 से 24 मार्च, 2021 तक उ0प्र0 की कला एवं संस्कृति का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां की गयी।

- इस अवसर पर विभाग के निदेशालय, संस्थाओ द्वारा विविध विषयों पर दिनांक 16 फरवरी, 2021 से वृन्दावन में सांस्कृतिक, कला एवं अभिलेख प्रदर्शनियों का आयोजन किया गया।

संगीत नाटक अकादमी सम्मान समारोह–2020

उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी द्वारा वर्ष 1970 से अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान करने के लिए विशिष्ट कलाकारों को अकादमी सम्मान प्रदान किया जाता है। यह सम्मान उत्तर प्रदेश में जन्में ऐसे कला साधकों को दिया जाता है जिन्होंने उत्तर प्रदेश या उत्तर प्रदेश के बाहर कम से कम 10 वर्ष तक अपनी विधा के संवर्धन में लगाया हो, अथवा उत्तर प्रदेश को अपनी कर्मभूमि बनाकर कम से कम 10 वर्ष तक अपनी विधा में उल्लेखनीय कार्य किया हो। यह अकादमी का सौभाग्य है कि वर्ष 2020 में अपनी कला विधाओं में पारंगत एवं उन विधाओं को निरंतर आगे बढ़ाने वाले 123 कलाकारों को अकादमी सम्मान से एवं 5 कलाकारों को अकादमी के सर्वोच्च सम्मान ''रत्न सदस्य'' अर्थात 128 कलाकारों को एक साथ सम्मानित किया गया। यह संगीत विद्धजनों और कलाकारों का अनूठा संगम है। सम्मान कलाकार को मान्यता देता है तो अन्य कलाकारों और नयी पीढ़ी के लिये प्रेरणास्रोत भी बनता है।

रामायण कॉन्क्लेव

(29 अगस्त–01 नवम्बर, 2021)

उत्सवों का उद्घोष भारतीय संस्कृति और परंपरा में रचा–बसा है। उत्सवधर्मिता हमें ऊर्जा देती है और जीवनमूल्य भी सिखाती है। कहना गलत न होगा कि भारतीयता की जीवन्तता उसके उत्सवों में ही निहित है। उत्तर प्रदेश उत्सवों के लिए एक बार फिर तैयार है। एक पूरी उत्सव श्रृंखला, विभिन्न नगरों से गुजरती, उन्हें अनुप्राणित करती हुई और उत्सवों के केन्द्र में होंगे प्रभु श्रीराम। श्रीराम ही है जिनके वनवास से लौटने पर हमने अपना सबसे बड़ा उत्सव शुरू किया था। श्रीराम फिर लौट रहे हैं, अपनी जन्मभूमि में लौट रहे हैं। हम फिर संस्कृति का जयघोष कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश भव्य उत्सव मना रहा है। 56 दिनों तक जनमानस को स्पंदित करने के लिए यह रामायण कॉन्क्लेव है जिसे साहित्य, कला, संगीत एवं अन्य प्रदर्श माध्यमों का एक ऐसा रंगबिरंगा उपवन बनाया गया है जो प्रदेश की कला–संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के साथ सामाजिक समरसता का भी संवाहक बनेगा। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा, माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संरक्षण तथा माननीय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), संस्कृति, पर्यटन, प्रोटोकॉल एवं धर्मार्थ कार्य विभाग, उ0प्र0, डॉ0 नीलकंठ तिवारी के मार्गदर्शन में इस भव्य उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

रामराज्य हमारे समाज और राष्ट्र में आदर्श शासन के मानक के रूप में हमेशा से रखा जाता है। गोस्वामी तुलसीदास ने रामराज्य की चर्चा में लिखा है–'सब नर करहिं परस्पर प्रीती, चलहिं स्वधर्म निरत श्रुति नीती'। महात्मा गांधी ने स्वतंत्रता के साथ रामराज्य की परिकल्पना की थी। लोकतंत्र के मूल में भी यही भावना रही है। भारतीय संस्कृति में वर्णित शासन का यह गौरवमय आदर्श हम सबके संज्ञान में रहे, यह उत्सव रामकथा के मूल और प्रेरक तत्वों को रेखांकित करने और उसकी ओर ध्यान आकृष्ट करने का एक प्रयास है। अयोध्या से आरंभ होकर गोरखपुर, बलिया, वाराणसी , विंध्याचल, चित्रकूट, श्रृंगवेरपुर, बिठूर, ललितपुर, गढ़मुक्तेश्वर, बिजनौर, गाजियाबाद, बरेली, सहारनपुर एवं मथुरा में वैचारिक संवाद, संगीत की आकर्षक विधाओं एवं शैलियों, रामलीला एवं नाट्य प्रस्तुतियों, कला प्रदर्शनों एवं प्रतियोगिताओं में रामकथा के विविध प्रसंगों को रूपायित करते हुए यह भव्य सांस्कृतिक यात्रा पुनः अयोध्या में आकर विराम लेगी। एक अल्प विराम जिससे रामराज्य की परिकल्पना में जल्द ही नई ऊर्जा और उत्साह के साथ जुटा जा सके।

आयोजन का कैलेन्डर

क्रमांक	आयोजन की तिथियाँ	कार्यक्रम स्थल
1	29–30 अगस्त, 2021	अयोध्या
2	04–05 सितम्बर, 2021	गोरखपुर
3	08 सितम्बर, 2021	बलिया
4	15–16 सितम्बर, 2021	विन्ध्याचल
5	19–20 सितम्बर, 2021	चित्रकूट
6	23–24 सितम्बर, 2021	श्रृंगवेरपुर
7	26–27 सितम्बर, 2021	बिठूर
8	30 सितम्बर, 2021	ललितपुर
9	03 अक्टूबर, 2021	गाज़ियाबाद
10	06–07 अक्टूबर, 2021	मथुरा
11	10 अक्टूबर, 2021	गढ़मुक्तेश्वर
12	13 अक्टूबर, 2021	सहारनपुर
13	17 अक्टूबर, 2021	बिजनौर
14	21 अक्टूबर, 2021	बरेली
15	23–24 अक्टूबर, 2021	लखनऊ
16	01 नवम्बर, 2021	अयोध्या

गोरखपुर में रामायण कॉन्क्लेव

बलिया में रामायण कॉन्क्लेव

विन्ध्याचल में रामायण कॉन्क्लेव

चित्रकूट में रामायण कॉन्क्लेव

श्रृंगवेरपुर में रामायण कॉन्क्लेव

बिठूर में रामायण कॉन्क्लेव

महापुरुषों की मूर्तियों का निर्माण

देश की महान विभूतियों की स्मृतियों को बनाये रखने तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व से जनसामान्य को प्रेरित कराने के उद्देश्य से वर्तमान सरकार द्वारा महापुरूषों की मूर्तियों के निर्माण पर विशेष बल दिया गया है। इस सम्बन्ध में विवरण निम्नवत् है :–

- पं0 दीन दयाल उपाध्याय जी की भव्य मूर्ति चन्दौली में स्थापित की गयी, जिसका अनावरण मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा किया गया तथा इस मूर्ति की स्थापना के लिए प्रदेश सरकार के प्रति आभार भी व्यक्त किया गया।
- राजभवन में स्वामी विवेकानन्द जी की, लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल एवं भगवान श्री धनवंतरि जी की प्रतिमा स्थापित की गयी।
- लोक भवन में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की भव्य प्रतिमा स्थापित की गयी जिसका अनावरण मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा किया गया।
- योजना भवन, लखनऊ में श्रद्धेय हेमवती नन्दन बहुगुणा की मूर्ति स्थापित की गयी।
- कैप्टन मनोज पाण्डेय सैनिक स्कूल, लखनऊ में डॉ0 सम्पूर्णानन्द जी की प्रतिमा स्थापित की जा चुकी है जिसका अनावरण भारत के मा0 राष्ट्रपति जी द्वारा किया गया है।

स्व. हेमवती नन्दन बहुगुणा जी की प्रतिमा का अनावरण

स्व. डॉ. सम्पूर्णानन्द जी की प्रतिमा का अनावरण

महापुरुषों की मूर्तियों का निर्माण

- भारतेन्दु नाट्य अकादमी, लखनऊ में भारतेन्दु हरिशचन्द्र की प्रतिमा स्थापित की जा चुकी है जिसका अनावरण मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा किया गया है।
- महराजगंज में श्रद्धेय महन्त अवैद्यनाथ जी की मूर्ति का अनावरण कार्यक्रम सम्पन्न हो चुका है।
- श्रद्धेय महन्त दिग्विजयनाथ, अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी एवं शहीद बंधु सिंह जी की मूर्तियां अतिशीघ्र स्थापित की जायेंगी।
- डॉ0 बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर, काकोरी ट्रेन एक्शन के नायक क्रमशः शहीद रोशन सिंह, शहीद रामप्रसाद बिस्मिल, शहीद अशफाक उल्ला खां, शहीद राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी, शहीद चन्द्रशेखर आजाद, राणा बेनी माधव सिंह, पं0 सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला', झलकारी बाई, राजा राव राम बख्श सिंह, ऋषि परशुराम जी, संत रविदास आदि अनेक महापुरूषो की मूर्तियों का निर्माण कार्य प्रचलन में है। इसके अतिरिक्त विभिन्न शहीद ग्रामों में आठ शहीद सैनिकों की मूर्तियों का निर्माण कार्य भी कराया जा रहा है।

लोक वाद्ययंत्र क्रय योजना

उत्तर प्रदेश की संस्कृति के संरक्षण हेतु लोक कलाओ के सम्बन्ध में महती भूमिका अदा करने वाले प्रदेश के कलाकारों को वेशभूषा एवं वाद्ययंत्रों के क्रय हेतु योजना का क्रियान्वयन

कल्चरल क्लब योजना

संस्कृति विभाग द्वारा संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु प्रदेश में शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से कल्चरल क्लब की योजना संचालित की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य सम्बन्धित संस्थानों में हेरिटेज गैलेरी एवं कल्चरल एक्टिविटीज़ के माध्यम से युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति से परिचित कराना है। योजना के प्रथम चरण में लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ एवं डॉ0 सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी में हेरिटेज गैलेरी की स्थापना कराई जा रही है।

वृद्ध एवं विपन्न कलाकार पेंशन योजना

वृद्ध एवं विपन्न कलाकार पेंशन योजना वर्ष 1985 से संचालित है। इस योजना के अन्तर्गत 321 स्वीकृत कलाकारों में से जीवित प्रमाण पत्र प्राप्ति के आधार पर हर वर्ष दो छमाही किश्तों में रू0 2000/– प्रतिमाह की दर से पेंशन का भुगतान किया जाता है।

विगत वर्षों में भुगतान की गयी पेंशन की स्थिति :

वित्तीय वर्ष 2017–18	वित्तीय वर्ष 2018–19	वित्तीय वर्ष 2019–20
255 कलाकारों को पेंशन का भुगतान किया गया	246 कलाकारों को पेंशन का भुगतान किया गया	337 कलाकारों को पेंशन का भुगतान किया गया
कुल व्यय– रू0 59,28,000/–	कुल व्यय– रू0 60,24,000/–	कुल व्यय– रू0 83,06,933/–

वित्तीय वर्ष 2020–21	वित्तीय वर्ष 2021–22
319 कलाकारों को पेंशन का भुगतान किया गया	240 कलाकारों को जीवित प्रमाण–पत्र प्राप्ति के आधार पेंशन की प्रथम किश्त का भुगतान किया जा रहा है।
कुल व्यय– रू0 77,55,161/–	प्रथम किश्त का अनुमानित व्यय– रू0 31,68,000/–

वृद्ध एवं विपन्न कलाकार पेंशन हेतु चालू वित्तीय वर्ष 2021–22 में रू0 150.00 लाख बजट स्वीकृत हुआ है।

अभिलेखीकरण

उत्तर प्रदेश सांस्कृतिक दृष्टिकोण से अत्यन्त समृद्ध प्रदेश है यहाँ अवध, ब्रज, पूर्वांचल, पश्चिमांचल, बुन्देलखण्ड आदि प्रथक–प्रथक सांस्कृतिक क्षेत्रों की अत्यन्त सुरुचि पूर्ण विधाएं एवं परम्पराएं विद्यमान हैं, लोक संस्कृति की इन्ही विधाओं एवं परम्पराओं को संरक्षित करने के उद्देश्य से बैक पैक स्टूडियों के माध्यम से अभिलेखीकरण की परियोजना गतिमान है। उक्त परियोजना के प्रथम चरण के अन्तर्गत ब्रज, अवध एवं पूर्वांचल के 25 पारम्परिक लोक कलाकार दलों के प्रदर्शन पर आधारित डॉक्यूमेन्ट्री फिल्म्स तैयार की गई है। इनमें प्रमुख रुप से ब्रज क्षेत्र का हवेली संगीत, फाग गायन, लांगुरिया गायन, अवध क्षेत्र के कजरी और चैती, सोहर, ठुमरी, फरुवाही एवं पूर्वांचल की बिरहा आदि लोक कलाएं सम्मिलित हैं। उक्त परियोजना का अगला चरण क्रियान्वित किया जा रहा है जिसमें शेष सांस्कृतिक क्षेत्रों एवं लोक विधाओं को सम्मिलित किया जायेगा।

अभिलेखीकरण

प्रथम चरण में अभिलेखीकृत किये गये प्रमुख कलाकार एवं विधाएं निम्न हैं–
सुश्री मोनिका तोमर (ब्रज लोक गायिका– रसिया)
श्री ज्वाला प्रसाद (ब्रज लोक गायक– गोवर्धन पूजला, हिण्डोला गीत)
श्री हरि बाबू कौशिक (ब्रज लोक गायक– हवेली संगीत)
श्री दामोदर शर्मा (ब्रज लोक गायक– रसिया)
सुश्री कमला श्रीवास्तव (अवधी लोक गायिका– देवी गीत)
सुश्री कामायनी (अवधी लोक गायक– फाग)
श्री एस0पी0 चौहान (अवधी लोक गायक– भजन)
सुश्री मालविका हरिओम (अवधी लोक गायिका– नकटा)
श्री शीतला प्रसाद (अवधी लोक कलाकार– फरुवाही)
श्री अशोक कुमार (भोजपुरी लोक गायक– चैती)
श्री जीवन कुमार (लोक कलाकार– धोबिया)
सुश्री उर्मिला श्रीवास्तव (लोक गायिका– कजरी)
श्री मन्ना लाल (लोक गायक– बिरहा)

डाक्यूमेंट्री फिल्म निर्माण

- संस्कृति विभाग द्वारा उ0प्र0 की लोक कलाओं एवं कलाकारों सम्बन्धी योजना पर उत्तर प्रदेश के विविध अंचलों यथा अवध बुन्देलखण्ड, भोजपुरी, पूर्वांचल, तराई, जनजाति एवं उत्तर प्रदेश की सम्पूर्ण सांस्कृतिक विरासत पर हिन्दी व अंग्रेजी वर्जन में 30–30 मिनट की 15 डाक्यूमेंट्री फिल्मों का निर्माण कराया गया।
- दिव्य कुम्भ भव्य कुम्भ–2019 पर दो डाक्यूमेंट्री फिल्म्स एवं दो टीज़र फिल्म्स का निर्माण कराया गया।
- अभिलेखीकरण योजना के अन्तर्गत विभिन्न विधाओं की लोक कलाकारों की प्रस्तुति की 25 डाक्यूमेंट्री फिल्म्स तैयार की गई।
- चौरी–चौरा शताब्दी समारोह पर लघु फिल्म तैयार की गई।
- काकोरी ट्रेन एक्शन वर्षगांठ पर लघु फिल्म तैयार की गई।
- भारत रत्न डॉ0 भीमराव आंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केन्द्र पर लघु फिल्म तैयार की गई।
- रामायण कॉन्क्लेव पर लघु फिल्म तैयार की गई।

निर्माण परियोजनाएँ

वर्तमान सरकार द्वारा जनसामान्य की सांस्कृतिक अभिरूचि को समुन्नत करने हेतु प्रदेश के विभिन्न स्थानों में प्रेक्षागृह, सांस्कृतिक संकुल, स्मृति संकुल एवं सग्रहालयों आदि के निर्माण/आधुनिकीकरण/ सुदृढ़ीकरण के कार्य पर विशेष बल दिया जा रहा है।

मानानीय राष्ट्रपति महोदय द्वारा
डॉ0 भीमराव आंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केन्द्र का शिलान्यास

वर्तमान उत्तर प्रदेश सरकार के 4.5 वर्ष के कार्यकाल में नवीन परियोजनाओं का विवरण निम्नवत् है :–

- गोरखपुर में योगिराज बाबा गम्भीरनाथ अत्याधुनिक प्रेक्षागृह का निर्माण।
- रामगढ़ ताल परियोजना, गोरखपुर स्थित मुक्ताकाशी मंच का अनुरक्षण।
- जनपद अयोध्या में सांस्कृतिक मंच की स्थापना।
- पं0 सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला जी की जन्म स्थली गढ़कोला उन्नाव में विशाल स्मृति भवन, पुस्तकालय एवं अन्य संरचना।
- पं0 दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय परिसर में गुरू गोरक्षनाथ शोध पीठ का निर्माण।
- तुलसी स्मारक भवन, अयोध्या में आधुनिकीकरण का कार्य।
- उ0प0 संगीत नाटक अकादमी लखनऊ के सुदृढ़ीकरण का कार्य।
- प्रदेश की रामलीला स्थल की चाहरदीवारी के सुदृढ़ीकरण योजनान्तर्गत गोरखपुर में बर्डघाट स्थित रामलीला तथा शाहजहाँपुर में खिरनी बाग रामलीला मैदान का सौन्दर्यीकरण/सुदृढ़ीकरण निर्माण कार्य।

- संत कबीर अकादमी भवन की स्थापना जनपद संत कबीर नगर।
- वृन्दावन शोध संस्थान, वृन्दावन, मथुरा के सुदृढ़ीकरण एवं आधुनिकीकरण का कार्य।
- राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह, कैसरबाग, लखनऊ के जीर्णोद्धार एवं आधुनिकीकरण का कार्य।
- थारू जनजाति से सम्बन्धित संग्रहालय इमिलिया कोडर जनपद बलरामपुर का निर्माण कार्य।
- राज्य संग्रहालय, लखनऊ के अंत: एवं वाह्य परिसर की मरम्मत का कार्य।
- भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी जी की स्मृति में बटेश्वर, आगरा में स्मृति संकुल का निर्माण।
- राजकीय स्वतंत्रता संग्राम संग्रहालय, मेरठ में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम पर आधारित वीथिकाओं का निर्माण।

संत कबीर अकादमी, मगहर

भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी सांस्कृतिक संकुल

- राज्य संग्रहालय, लखनऊ परिसर में प्रकृति विज्ञान संग्रहालय हेतु भवन का निर्माण कार्य।
- ग्राम सालेहनगर परगना व तहसील मलिहाबाद जनपद लखनऊ स्थित भूमि देव स्थान घटघटा बाबा पर प्रेक्षागृह का निर्माण कार्य।
- जनपद लखनऊ में भारत रत्न डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केन्द्र का निर्माण कार्य प्रस्तावित है जिसका शिलान्यास मा0 राष्ट्रपति महोदय द्वारा किया जा चुका है।
- जनपद शाहजहाँपुर में स्वतंत्रता संग्राम संग्रहालय की वीथिकाओं का निर्माण।

राज्य संग्रहालय, लखनऊ

भारत रत्न डॉ0 भीमराव आंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक संकुल

उत्तर प्रदेश राजकीय अभिलेखागार

अभिलेख प्रदर्शनी

विगत 4.5 वर्षों में निम्नवत् अभिलेख प्रदर्शनियों का आयोजन किया गयाः

- दिनांक 17 से 19 मार्च, 2017 को संस्कृति उत्सव कार्यक्रम में "राम कथा का चित्रण" विषयक।
- दिनांक 14 अप्रैल, 2017 को लखनऊ एवं प्रयागराज में 'डॉ0 अम्बेडकर एवं स्वतंत्रता अन्दोलन' विषयक।
- मेरठ में क्रान्ति दिवस (दिनांक 10 मई, 2017) पर पं0 दीन दयाल उपाध्याय जन्मशती समारोह में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम विषयक।
- दिनांक 01 अगस्त, 2017 को वाराणसी में "मुंशी प्रेमचन्द्र लम्ही महोत्सव" के अवसर पर ।
- दिनांक 14–15 अगस्त, 2017 को लखनऊ में पं0 दीनदयाल उपाध्याय जन्मशती समारोह के अन्तर्गत 'उत्तर प्रदेश में स्वाधीनता आन्दोलन' विषयक
- दिनांक 07 से 09 सितम्बर, 2017 को कानपुर में पं0 दीनदयाल उपाध्याय जन्मशती समारोह के अन्तर्गत "आजादी की पहली चिंगारी" विषयक।
- दिनांक 25 से 27 सितम्बर, 2017 को गोरखपुर में पं0 दीनदयाल उपाध्याय जन्मशती समारोह के अन्तर्गत "आजादी की पहली चिंगारी" विषयक
- दिनांक 25 से 30 नवम्बर, 2017 को कुरूक्षेत्र हरियाणा में 'अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव' में पाण्डुलिपियों पर आधारित 'गीता दर्शन' विषयक।
- दिनांक 16.12.2017 को आई0ए0एस0 वीक के अन्तर्गत सी0एस0आई0 राजभवन में
- दिनांक 19.12.2017 को लखनऊ में 'काकोरी के शहीद' विषय।

- दिनांक 24 से 26 जनवरी, 2018 तक ''उत्तर प्रदेश दिवस का प्रथम समारोह''में उत्तर प्रदेश की संरचना, दुर्लभ ग्रन्थों में रामकथा का चित्रण, पाण्डुलिपियों पर आधारित गीता–दर्शन विषयक।
- दिनांक 14 अप्रैल, 2018 को डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जयन्ती के अवसर पर लखनऊ एवं प्रयागराज में।
- दिनांक 10 व 11 मई, 2018 को 69वें स्थापना दिवस के अवसर पर लखनऊ स्थित कार्यालय में प्रदर्शनी, व्याख्यान व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम।
- दिनांक 09 अगस्त, 2018 को राजकीय महिला महाविद्यालय, डी0एल0डब्लू0, वाराणसी में अभिलेख प्रदर्शनी एवं व्याख्यान।
- दिनांक 09 अगस्त, 2018 से 20 अगस्त, 2018 तक स्वतंत्रता आन्दोलन में उत्तर प्रदेश की भूमिका विषयक।
- दिनांक 02 अक्टूबर, 2018 को लाल बहादुर शास्त्री भवन स्मृति संग्रहालय वाराणसी में अभिलेख प्रदर्शनी।
- दिनांक 19 दिसम्बर, 2018 को आयोजित काकोरी के शहीद विषयक।
- कुम्भ मेला प्रयागराज–2019 में कला कुम्भ में अभिलेखों में एवं कुम्भ एवं पाण्डुलिपियों पर आधारित अभिलेख प्रदर्शनी।
- दिनांक 20 से 22 सितम्बर, 2019 तक ''अन्तर्राष्ट्रीय रामायण महोत्सव–2019'' के अवसर पर 'उर्दू एवं फारसी ग्रंथों में रामकथा का चित्रण' विषयक अभिलेख प्रदर्शनी।
- इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज दिनांक 23 सितम्बर, 2019''1857 के प्रथम संगठित उपनिवेशवाद विरोधी आन्दोलन एवं राष्ट्रीय आन्दोलन'' विषयक।

- दिनांक 22 नवम्बर, 2019 को 'विश्व धरोहर सप्ताह' दुर्लभ पाण्डुलिपियों की प्रदर्शनी
- दिनांक 19 दिसम्बर, 2019 को आयोजित 'काकोरी के शहीद' विषयक अभिलेख प्रदर्शनी
- दिनांक 02 अक्टूबर, 2020 को गांधी जयन्ती के उपलक्ष्य में गांधी जी से सम्बन्धित चित्र एवं अभिलेख प्रदर्शनी का आयोजन।
- 02 अक्टूबर, 2020 'गांधी जी का स्वतंत्रता आन्दोलन और प्रयागराज' विषयक दुर्लभ अभिलेख एवं पाण्डुलिपि प्रदर्शनी का इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज में आयोजन।
- दिनांक 02 अक्टूबर, 2020 को 'स्वतंत्रता संग्राम एवं गांधी जी के जीवन पर आधारित' 15 दिवसीय अभिलेख प्रदर्शनी का आयोजन।
- क्षेत्रीय अभिलेखागार, वाराणसी द्वारा 02 अक्टूबर, 2020 को गांधी जी की जयन्ती के अवसर पर अभिलेख प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।
- दिनांक 17 से 24 अक्टूबर, 2020 तक ''नारी उत्थान'' विषयक अभिलेख प्रदर्शनी का आयोजन।
- दिनांक 31 अक्टूबर, 2020 को 'एकता दिवस' के अवसर पर राज भवन, लखनऊ में सरदार बल्लभ भाई पटेल जी से सम्बन्धित चित्र एवं अभिलेख प्रदर्शनी।
